# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 09 जून, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

**चोरी की घटना में वांछित बदमाशों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, स्कूटी व चोरी के 25,000/- रूपये नकदी बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 09.06.2025 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम काबरा रोड नॉर्मल स्कूल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक स्कूटी पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति एनएच-34 हाइवे से आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा स्कूटी को तेजी से मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो कुछ दूरी पर अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश की पहचान हकीकत उर्फ रिहान पुत्र मोमीन चौधरी निवासी न्यू हिण्डन बिहार धोबी घाट थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद व गिरफ्तार बदमाश की पहचान फिरोज पुत्र इलियास निवासी ग्राम छोलस थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, स्कूटी व चोरी के 25000/- रूपये नकदी बरामद हुई है।

**उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के चोर अपराधी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 06.06.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत जनरल स्टोर के सामने से रूपये का बैग चोरी कर लेने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 539/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- हकीकत उर्फ रिहान पुत्र मोमीन चौधरी निवासी न्यू हिण्डन बिहार धोबी घाट थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।
2- फिरोज पुत्र इलियास निवासी ग्राम छोलस थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी-**

1- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 स्कूटी (NTORQ) (बिना नम्बर)
3- 25,000/- रूपये नकदी(चोरी के)

**गिरफ्तार अभियुक्त हकीकत उर्फ रिहान का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं 331/2014 धारा 366/376 भादवि थाना कोतवाली घंटाघर जनपद गाजियाबाद।
2- मुअसं 476/2021 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली घंटाघर जनपद गाजियाबाद।
3- मुअसं 345/18 धारा 379/511 भादवि थाना नाकाहिंडोला जनपद लखनऊ।
4- मुअसं- 539/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार अभियुक्त फिरोज का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं- 539/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अनिल कुमार शाही निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 शिव शंकर, उ0नि0 रघुवीर सिंह, उ0नि0 सर्वेश कुमार, उ0नि0 विपुल, उ0नि0 यतेन्द्र शर्मा।
3. है0का0 योगेश, है0का0 प्रवेश कुमार, का0 रोहित, का0 सुमित।









मीडिया सेल बुलन्दशहर